महत्वपूर्ण एवं खास

स्पेशल एजुकेटर के रिक्त पदों पर 4 नवम्बर तक मंगाए गए दावा आपत्ति

रायगढ़। समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्पेशल एजुकेटर (अनुसूचित जनजाति वर्ग के मुक्त 1 एवं महिला 1) कुल दो पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची जारी की गई है। उक्त सूची रायगढ़ जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अपलोड की गई है। सूची के संबंध में किसी भी आवेदक को कोई आपत्ति हो तो वे 4 नवम्बर 2024 दावा-आपत्ति आवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा, रायगढ़ में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बिलाईगढ़ में 25 अक्टूबर को होगा कौशल पखवाड़ा शिविर

सारंगढ़ बिलाईगढ़। रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिलाईगढ़ के जनपद पंचायत सभाकक्ष में 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में युवाओं से काउंसिलिंग कर उपलब्ध विभिन्न कोर्स के प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र लिए जायेंगे। जिले में संचालित कौशल विकास योजना तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण हेतु निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से जिले में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जाना निर्धारित है।

अग्निवीर भर्ती का कैरियर मार्गदर्शन 25 अक्टूबर को सारंगढ़ में होगा

सारंगढ़ बिलाईगढ़। भारतीय थलसेना अग्निवीर भर्ती के संबंध में सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले के स्कूल कॉलेज में विस्तृत जानकारी के लिए 25 अक्टूबर को कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक संख्या में इच्छुक युवा भाग लेकर कैरियर मार्गदर्शन का लाभ उठा सकते है। सारंगढ़ के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रातः 11 बजे से और दोपहर 1 बजे से शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

साधू के भेष मे बच्चे को अगवा करने का प्रयास,दो गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। दुर्ग जिले के खुर्सीपार क्षेत्र में एक बच्चे के अपहरण की कोशिश करने का मामला सामने आया है। गुरुवार की सुबह खुर्सीपार गणेश मंदिर के पास साधू के भेष में पहुंचे दो लोगों ने बच्चे को बहला फुसलाकर ले जाने की कोशिश की। हालांकि बच्चे की सूझबूझ के कारण वे सफल नहीं हो पाए। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बाबा के भेष में भगवा वस्त्र पहने दो लोग ने खुर्सीपार के गणेश मंदिर के पास सडक़ से गुजर रहे करीब 10 साल के बच्चे को बिस्किट का लालच दे रहे थे। बच्चे ने बिस्किट लेने से मना किया तो दोनों उसे बोरे में भरने का प्रयास करने लगे, जिससे बच्चा चिल्लाने लगा। बच्चे की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां इक_ा हो गए। जिसके बाद बाबा भेषधारी दोनों वहां से भाग गए। तत्काल लोगों ने इसकी सूचना खुर्सीपार पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ ही देर में दोनों बाबाओं को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि जब वे बच्चे को बहलाने में लगे थे तो कुछ लोगों की नजर इन दोनों पर पड़ गई। जिसके बाद जल्दबाजी में लोगों ने पुलिस को को इस मामले की जानकारी दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने भारी हंगामे के बीच दोनों बाबाओं को हिरासत में ले लिया।

शासन की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचे स्वच्छ पेयजल, कार्यों में रखें गुणवत्ता का विशेष ध्यान- पीएचई सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक

- जल जीवन मिशन के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश
- स्त्रोत विहीन योजनाओं में स्त्रोत सुनिश्चित कर काम जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश
- पीएचई सचिव अब्दुलहक ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

रायगढ़

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे जल जीवन मिशन की कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहां कि शासन के मंशानुरूप जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की योजना है। इसमें गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार की समझौता नहीं की जाएगी। सभी विभागीय अधिकारी एवं कॉन्ट्रेक्टर इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने ईई पीएचई से जिले के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने स्त्रोत विहीन योजनाओं में स्त्रोत सुनिश्चित कर कार्य को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों के टेंडर की स्थिति के संबंध में जानकारी लेने पर ईई पीएचई ने बताया कि सभी टेंडर कार्य पूर्ण हो चुके है। स्त्रोत विहीन के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने ट्यूबवेल खनन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान विभाग के सचिव अब्दुलहक ने ओवर हेड टेंक निर्माण में निर्धारित मापदंड के पालन के संबंध में विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कॉन्ट्रेक्टर को प्राप्त कार्यों एवं प्रगति की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए गुणवत्ता एवं प्रगति को बेहतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कार्यों के मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कॉन्ट्रेक्टर को कहा कि फिल्ड में किसी प्रकार समस्या होने पर ईई पीएचई को जानकारी दें, प्राथमिकता के समाधान किया जाएगा।

पीएचई सचिव अब्दुलहक ने बैठक में सोलर पंपों के लिए स्त्रोत उपलब्ध कराने के साथ ही जल स्त्रोतों के जियो-टेगिंग के कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जल स्त्रोतों का लैब व एफटीके के माध्यम से जल परीक्षण कर आईएमआईएस में एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नए क्लासिफिकेशन एवं उच्च गुणवत्ता वाले ही क्लोरीनेटर का उपयोग किया जाए। इस दौरान उन्होंने थर्ड पार्टी इंसपेक्शन एजेंसी के कार्यों को मॉनिटर करने के निर्देश ताकि सर्वे का कार्य बेहतर हो सके। इस दौरान उन्होंने एकल ग्राम योजनाओं में हर घर जल सर्टिफिकेशन कराकर हस्तांतरण की कार्यवाही संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजनाओं के कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ.एम. एल.अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय सिंह, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, एई पीएचई रायगढ़ रमाशंकर कश्यप, एई खरसिया आर.एन. शर्मा, एई घरघोड़ा जी.एस.चौहान, एई धरमजयगढ़ जे.सी.भगत सहित जल जीवन मिशन के कार्य में संलग्न समस्त कांट्रेक्टर उपस्थित रहे।

कलेक्टर धर्मेश साहू ने खोखसीपाली में चेकडैम और पौधारोपण का किया निरीक्षण

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम खोखसीपाली का बुधवार को निरीक्षण किया। वहां चेकडैम पहुंचकर उन्होंने स्थानीय नागरिकों और सरपंच से पानी के आवक स्रोत और उस पानी के उपयोग के बारे में जानकारी ली। सरपंच ने बताया कि पठार क्षेत्र से और ग्राम केडार के डेम से भी पानी का आवक है। इससे किसान दो फसल लेते हैं। कलेक्टर ने चेकडैम परिसर के साफ सफाई की तारीफ की। उन्होंने जानकारी ली कि साफ सफाई कैसे और कौन करता है। ग्रामीणों ने बताया कि बीच बीच में ग्रामीण साफ करते हैं और कार्तिक मास होने के कारण यहां ग्रामीण और बड़ी संख्या में महिलाएं भोर से पहले नहाने आते हैं। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव से चेकडैम के पानी से किसानों के हित में कृषि फसल पर चर्चा की। इसके बाद कलेक्टर धर्मेश साहू वहां के मंगल भवन पहुंचे। कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों का तिलक और फूलमाला से स्वागत वहां के स्थानीय महिलाओं ने किया। कलेक्टर ने महिला की गोद में बच्ची डिम्पल साहू को दुलार सहित फूलमाला पहनाएं। कलेक्टर ने वहां परिसर में वृक्षारोपण से बढ़ रहे पौधों का अवलोकन किया, जिसमें उनके नाम के नेमप्लेट लगे पौधे का अवलोकन किया। वहां पानी की व्यवस्था नल के माध्यम से किया गया है। परिसर का 75 प्रतिशत बाउंड्रीवाल है और 25 प्रतिशत में लोहे का तार है। कलेक्टर ने वहां के मंगल भवन का अवलोकन किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद पटेल, बीईओ सारंगढ़ रेशम लाल कोसले सहित अन्य अधिकारी , वरिष्ठ पत्रकार भरत अग्रवाल, संजय मानिकपुरी उपस्थित थे।

पीएचई सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

- बेहतर संचालन से ग्रामीणों को मिलेगा लम्बे समय तक लाभ

रायगढ़

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक जल जीवन मिशन के कार्यों के निरीक्षण में आज ग्राम-मिड़मिड़ा, रेगालपाली, चिखली पहुंचे। यहां उन्होंने ओवरहेड टैंक का निरीक्षण कर संचालन के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ.एम.एल.अग्रवाल, बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय सिंह, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी उपस्थित रहे।

पीएचई सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ग्राम-रेंगालपाली में निर्मित उच्च स्तरीय टंकियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से जल जीवन मिशन से मिली सुविधा के संबंध में जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि घर तक नल लग जाने से पेयजल के लिए काफी सुविधा मिली है। पूर्व में हैण्डपंप एवं बोर से पानी भरा जाता था। रेंगालपाली सरपंच राकेश ने बताया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत तीन गांव आते हैं। रेंगालपाली में 108 कनेक्शन है, जहां नियमित रूप से सुबह-शाम पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। पीएचई सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने रेंगालपाली सरपंच से कहा कि सभी आपके संसाधन है जितना बेहतर संचालन करेंगे ग्रामीणों को इसका लाभ लम्बे समय तक मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान पीएचई सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक मिड़मिड़ा के ओवर हेड टंकी देखने पहुंचे, यहां उन्होंने सरपंच से गांव के नल कनेक्शन की जानकारी ली। सरपंच गुलापी उरांव ने बताया कि वर्तमान में 382 नल कनेक्शन है। जो सभी चल रहे है, ग्रामीणों ने बताया कि नल के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने पंप ऑपरेटर से कार्य प्रणाली, टैंक कैपिसिटी एवं क्लोरिनेशन के संबंध में जानकारी ली। जिस पर बताया कि दिन में तीन बार पेय जल ग्रामीणों को प्रदान की जा रही है। इसके साथ हो क्लोरिनेशन का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम-चिखली के जल जीवन मिशन के तहत बनाए गए पानी टंकी एवं नल के माध्यम से घरों तक पहुंच रहे जल प्रदाय को देखा।

धान के व्यपवर्तन के कारण मां दुर्गा फुड्स प्रोडक्ट की 8.50 करोड़ से अधिक की बैंक गारंटी हुई राजसात, किया गया ब्लैक लिस्ट, कलेक्टर गोयल ने जारी किया आदेश

- कस्टम मिलिंग के कार्य को प्रभावित करने पर कुसमाण्डा राईस मिल पर लगा 10 हजार रूपये का जुर्माना
- शासकीय धान व्यपवर्तन में गंभीर अनियमितता का मामला
- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर हुई बड़ी कार्यवाही

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर राईस मिलर्स द्वारा उठाये गये धान के विरूद्ध अनुपातिक कम चावल जमा करने एवं विलंब करने जैसे लापरवाही पर लगातार खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा दो राईस मिलों की जांच में धान की कमी पाए जाने पर कलेक्टर गोयल ने न्यायालयीन प्रकरण में मेसर्स मां दुर्गा फुड्स प्रोडक्ट पर 8.50 करोड़ से अधिक की जमा बैंक गारंटी की राशि को राजसात करने एवं काली सूची में शामिल करने हेतु आदेशित किया है। इसी तरह मेसर्स कुसमाण्डा राईस मिल को कस्टम मिलिंग का चावल कार्य प्रभावित करने को लेकर चेतावनी देते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल के द्वारा 6 अगस्त 2024 को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में पंजीकृत राईस मिल मेसर्स माँ दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट ग्राम कुरमापाली, रायगढ़ (अरवा यूनिट पंजीयन क्रमांक एमए 415728 एवं उसना यूनिट पंजीयन क्रमांक एमए 419492) की जांच किया गया। जिसमें राईस मिल में 51947.00 क्विंटल धान उपलब्ध होना था किन्तु 23590.00 क्विंटल (200.00 क्विंटल चांवल के अनुपातिक धान 298 क्विंटल सहित) धान पाया गया। इस प्रकार उठाये गये धान के स्टॉक में 28357.00 क्विंटल धान की कमी पायी गई। शासन द्वारा धान उपार्जन में भुगतान किए गये 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान की राशि के आधार पर मेसर्स माँ दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट में कम पाए गये धान की कुल राशि 8 करोड़ 79 लाख 6 हजार 700 रूपये है जो शासकीय धान/चावल का व्यपवर्तन किये जाने जैसा गंभीर अपराध किया गया है जो छ.ग.कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4 (3), (5) 6 (1), (3) तथा 12 का उल्लंघन है एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं छ.ग.कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की धारा 9 के तहत दण्डनीय है एवं अनुबंध में यथा उल्लेखित शास्ति के लिए दायी होने के साथ-साथ खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में पंजीकृत मेसर्स मॉ दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट ग्राम कुरमापाली, रायगढ़ को काली सूची में शामिल करने हेतु न्यायालय कलेक्टर रायगढ़ द्वारा आदेशित किया गया है तथा उक्त फर्म कम पाये गये धान के स्टॉक 28357.00 क्विंटल धान का शासन द्वारा धान उपार्जन में भुगतान किए गये 3100 रूपये प्रति क्विंटल की राशि का जिला विपणन कार्यालय में अनुबंध में जमा बैंक गारंटी एफडीआर की राशि को राजसात करने हेतु आदेशित किया गया है।

इसी प्रकार खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल के द्वारा 9 अगस्त 2024 को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में पंजीकृत राईस मिल मेसर्स कुसमाण्डा राईस मिल पंजीयन क्रमांक एमए 417878 की जांच किया गया जांच में 660.00 क्विंटल धान का उठाव किया गया था, जिसका अनुपातिक चावल 446.00 क्विंटल होता है किन्तु जांच में 63.35 क्विंटल धान कम पायी गई। उक्त फर्म द्वारा उठाये गये धान के विरूद्ध चावल जमा में अत्यंत विलंब करते हुए लापरवाही पूर्वक कार्य किया गया एवं अपनी क्षमता अनुरूप मिलिंग कार्य नहीं किया जाकर शासन के कस्टम मिलिंग का चावल कार्य को प्रभावित किया गया जो छ.ग.कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 6 (1), (2), (3), 12 एवं कस्टम मिलिंग नीति-निर्देश 2023-24 का स्पष्ट उल्लंघन होने एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं छ.ग.कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की धारा 9 के तहत दण्डनीय होने के कारण मेसर्स कुसमाण्डा राईस मिल को भविष्य के लिए चेतावनी देते हुए 10 हजार रूपये शास्ति अधिरोपित किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

कलेक्टर धर्मेश साहू ने किसानों को बांटे उतेरा फसल के लिए सरसों का बीज

- कलेक्टर ने किसानों को उतेरा फसल के बारे में समझाया

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने बुधवार को धान के बाद उतेरा फसल के लिए किसानों को सरसों का बीज का निःशुल्क वितरण किया। कलेक्टर धर्मेश साहू ने सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम कटेली, छिंद और केडार में किसानों को वहां के स्थानीय प्राचार्य, अधिकारियों और अन्य नागरिकों तथा बिहान समूह की महिलाओं से साथ में वितरण करने का अवसर प्रदान किया। कलेक्टर ने सभी किसानों को कहा कि धान की खड़ी फसल में कटाई के 15 से 20 दिन पूर्व सरसो का बीज लगाएं। बाजार से बीज खरीद कर भी किसान फसल लगा सकते हैं। सरसो के बीज की कीमत कम है। इसकी फसल से खेत हरा-भरा और सुंदर लगता है। इस प्रकार धान और उतेरा फसल सरसों, मसूर, मटर आदि को एक के बाद एक फसल चक्र बनाकर उत्पादन करने से भूमि उपजाऊ होता है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद पटेल, बीईओ सारंगढ़ रेशम लाल कोसले सहित अन्य अधिकारी, पत्रकारगण उपस्थित थे।

बाइक चोर गिरोह के तीन आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस को मिली सफलता

आरोपियों से चोरी की 9 बाइक बरामद, रायगढ़, कोरबा और ओडिशा से किए थे चोरी

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के कुशल मार्गदर्शन पर बाइक चोरी के गिरोह की गिरफ्तारी में रायगढ़ पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों एवं साइबर सेल को बाइक चोरी के संबंध में मुखबीर लगाकर चोर गिरोह की पतासाजी के संबंध में निर्देशित किया गया था, निर्देशों के परिपालन में थाना प्रभारीगण मुखबीर सक्रिय कर पेट्रोलिंग, ग्रस्त दौरान संदिग्धों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दरमियान कल रात्रि (23-24 अक्टूबर) गस्त दौरान कोतरारोड पुलिस द्वारा किरोड़ीमल नगर में दो संदिग्ध व्यक्ति भूपेंद्र शर्मा तथा पिंटू घोडो उर्फ राहुल अग्रवाल को बिना नंबर हिरो कम्पनी का आई स्मार्ट बाइक के साथ घूमते पकड़ा गया। संदेही पूर्व में भी बाइक चोरी में संलिप्त रहे हैं, उनके पास रखे मोटरसाइकिल के संबंध में गोल-गोल जवाब देने पर थाना लाया गया। संदेही पिंटू घोडो उर्फ राहुल अग्रवाल ने बताया कि उसने हिरो कम्पनी का आई स्मार्ट बाइक को बीते 16 अक्टूबर को बाबा धाम कोसमनारा के पास से चोरी किया है जिसका नंबर प्लेट निकाल दिया था और उसी बाइक को भूपेंद्र शर्मा के साथ अपने एक और साथी-लक्ष्मण पटेल उर्फ गुड्डू निवासी महासमुंद (छ.ग.) के पास छोड़ने जा रहे थे।

आरोपियों ने यह भी बताया कि इसके अतिरिक्त इन्होंने सीमावर्ती कोरबा, ओडिसा में भी बाइक चोरी किये थे, इन चोरी बाइक को लक्ष्मण पटेल उर्फ गुड्डू के पास छोड़कर आते थे, जिन्हें लक्ष्मण पटेल बेचता था और ये सभी रूपए आपस में बांटते थे। आरोपियों से मिली जानकारी पर तत्काल साइबर सेल, कोतरारोड़, कोतवाली, चक्रधरनगर थाना स्टाफ की टीम तैयार की गई। आरोपी भूपेन्द्र शर्मा के मेमोरेंडम पर एक चोरी बाइक पैशन प्रो CG12AH7698 बरामद किया गया तथा आरोपी लक्ष्मण पटेल उर्फ गुड्डू के घर छापेमारी की गई जिसमें आरोपी के कब्जे से 07 चोरी की बाइक बरामद की गई है। आरोपियों से बरामद बाइक आई स्मार्ट सीजी 13 UF 9571 पर थाना कोतरारोड में अपराध क्रमांक 361/2024 धारा 303(2) BNS के तहत अपराध पंजीबद्ध है। इसके अतिरिक्त बरामद बाइक सीजी 12 AH 7698 पैशन प्रो के संबंध में जिला कोरबा में अपराध दर्ज होने की जानकारी मिली है, शेष बाइक के संबंध में दीगर जिलों को सूचना देकर जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी भूपेंद्र शर्मा तथा पिंटू घोडो उर्फ राहुल अग्रवाल का आपराधिक रिकार्ड है। इस प्रकार आरोपियों से बरामद हुए 09 चोरी की बाइक की कीमत करीब – 02 लाख 70 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपियों को वाहन चोरी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

आरोपियों के बाइक चुराने का तरीका

आरोपियों ने बताया कि वे बाइक चोरी के लिए Master Key (चाबी) बना कर रखे हुए हैं बाइक स्वामी, जब बाइक खड़ी कर जाता तो एक आरोपी बाइक स्वामी के पीछे जाता और उसके नहीं आने पर अपने साथी को इशारा करता और दूर खड़े होकर वाहन स्वामी को वॉच करता था इतने में "मास्टर की" से बाइक हैंडल खोल बाइक को शॉर्ट कर बाइक चोरी कर ले जाते थे।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम व डीएसपी अखिलेश कौशिक के सतत मार्गदर्शन पर बाइक चोर गिरोह के आरोपियों की गिरफ्तार तथा चोरी बाइक बरामदगी में नगर निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रशांत राव, मोहन भारद्वाज तथा कोतरारोड़ के उपनिरीक्षक जेबिरियुस एक्वा, प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार, आरक्षक संदीप कौशिक, राजेश खाण्डे, मुकेश चौबे, प्रवीण काठे, संजय केरकेट्टा एवं साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, बृजलाल गुर्जर, आरक्षक धनंजय कश्यप, महेश पंडा, सुरेश सिदार, विकास प्रधान, रविन्द्र गुप्ता, गजेन्द्र प्रधान, संदीप मिश्रा, उत्तम सारथी (कोतवाली), चन्द्र कुमार बंजारे, मिनकेतन पटेल (थाना चक्रधरनगर), धनेश्वर उरांव, बंशी रात्रे (थाना जूटमिल) की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी – (1) भूपेन्द्र शर्मा पिता श्यामबीर शर्मा 54 वर्ष ग्राम खम्हार चौकी जोबी रायगढ़

(2) पिन्टू घोडो उर्फ राहुल अग्रवाल पिता भीमसेन अग्रवाल 36 साल निवासी भदरी चौंक डभरा सक्ती

(3) लक्ष्मण पटेल उर्फ गुड्डू पिता दशरथ 45 साल निवासी ग्राम नेमरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

बरामद बाइक-

(1) CG13UF9571 हिरो आई स्मार्ट

(2) बिना नंबर SPLENDOR PLUS (इंजन-MBLHA10EYAHK58133)

(3) पैशन प्रो CG12AH7698 (इंजन-MBLHA10A6EGA04929)

(4) बिना नंबर बाइक (इंजन-MBLHA10AHAGL15741)

(5) स्ले71ण्डर प्रो-OD177819 (इंजन-MBLHA10ADB9L07802)

(6) सुपर स्लेलेण्डर CG06GN0953 (इंजन-MBLJAR031J9K10815)

(7) बिना नंबर बाइक (इंजन-HA11EJF9L40287)

(8) पैशन X प्रो CG11AC1949 (इंजन-MBLJA12AEEGL00248)

(9) स्प्लेण्डर प्रो CG11CK8202 (इंजन-MBLHA10ASCHM37478)

कुल कीमत लगभग- 02 लाख 70 हजार रूपए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480